राम लला के संग उड़ेगा प्रेम रंग | By Nikunj Prem

अबके राम लला के संग उड़ेगा प्रेम रंग
मस्ती में होके मलंग उड़ेगा प्रेम रंग
उड़ेगा प्रेम रंग, उड़ेगा प्रेम रंग
उड़ेगा प्रेम रंग, उड़ेगा प्रेम रंग
अबके राम लला के संग.........

आज अयोध्या की नगरी में धूम मची है भारी
मस्ती में सब नाच रहे हैं अवध के नर और नारी
बाजे ढोल मृदंग और चंग उड़ेगा प्रेम रंग
अबके राम लला के संग.........

अबके होली ख़ास रहेगी रघुनन्दन हैं पधारे
भक्तों को सुख देने खातिर रूप सलोना धारे
हो चित ले गई मुस्कनिया मंद उड़ेगा प्रेम रंग
अबके राम लला के संग.........

आज खुशी का रहा न ठिकाना कैसे बताऊँ मन की
ऐसी होली खेलु जमके रहे न सुध मोहे तन की
मन में खुशियों की उठे तरंग उड़ेगा प्रेम रंग
अबके राम लला के संग.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%89%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87/